# अपनी बात

अंक : 540 वर्ष 43 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 जनवरी, 2019

## सीसीएल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी के पावन अवसर पर सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने बीसीसीएल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उनके संबोधन को लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर, रांची सहित सभी क्षेत्रों में भी प्रस्तुत किया गया। श्री सिंह को बीसीसीएल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

गांधीनगर, रांची में निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी और कहा कि सीसीएल की मुख्य प्राथमिकता "ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास है" और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हम सभी कृतसंकल्पित हैं। इस अवसर पर श्री महापात्र ने सी.सी.एल. सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, डी.ए.वी. एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया एवं तिरंगा को सलामी दी। मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 70वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं अतिथिगण गुब्बारा छोड़ते हुए

समारोह में मुख्य अतिथि की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक(तक./संचा.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, निदेशक (यो./परि.) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, डीआईजी सीआईएसएफ श्री एस.एस. मिश्रा तथा अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान आकाश में रंगीन गुब्बारे उड़ाये।

पंजाब रेजिमेन्ट के आर्मी बैन्ड ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जेएसएसपीएस, डीएवी, गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी ने सराहा।

इससे पूर्व श्री महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा बच्चों से मिले एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। गांधीनगर अस्पताल में मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयां वितरण किया गया। अवसर विशेष पर मुख्य प्रबंधक (सीएसआर) श्री रवि प्रकाश ने कायाकल्प पब्लिक स्कूल, बुकरू में ध्वजारोहण किया एवं बच्चों से मिले एवं उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधिगण, सी.सी.एल. कर्मी सपरिवार सहित स्टेकहोल्डर्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सीसीएल में सतर्कता संबंधी कार्यशाला का आयोजन



मुख्य अतिथि श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण विमोचन करते हुए

सीसीएल मुख्यालय, रांची में विगत 28 जनवरी को सतर्कता विभाग द्वारा सीसीएल के सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव के नेतृत्व में सतर्कता विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला "Vigilance Matters to Enhance Managerial Effectiveness" का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि, संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय श्रीमती विस्मिता तेज ने विभिन्न विभागों से संबंधित नियम आदि जो सीसीएल के वेबसाईट में अपलोड है उसका भी ऑनलाईन उदघाटन किया। साथ ही मुख्य अतिथि ने सीवीसी संबंधित सर्कुलर (कंपेडियम) एवं कैलेण्डर का विमोचन किया। सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (वित्त) श्री डीके घोष, निदेशक (कार्मिक), श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (योजना/परियोजना), श्री भोला सिंह, सीवीओ, सीएमपीडीआईएल श्री संदीप राज सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल निरंतर विकास की गाथा लिख रहा है : सीएमडी




प्रेस को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीसीएल मुख्यालय, राँची में विगत 01 जनवरी, 2019 को सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने प्रेस ब्रीफिंग कर सभी झारखंडवासियों को शुभकामनायें दिये और कंपनी की उपलब्धी के बारे में विस्तार से बताया। श्री सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रथम तिमाही के पिछले वर्ष वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रथम इसी अवधी के तुलना में 41.65 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर 12 % की वृद्धि दर्ज की है।

प्रेस बीफिंग में नि. (वित्त) श्री डी. के. घोष, नि. (का.) श्री आर. एस. महापात्र, सीवीओ श्री ए. के. श्रीवास्तव एवं सीईओ, श्री जे. तिवारी उपस्थित थे।

## सीसीएल प्रबंधन, पुलिस प्रशासन एवं स्टेकहोल्डर्स की बैठक



संबोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र

सीसीएल मुख्यालय, रांची में विगत 12 जनवरी को सीसीएल प्रबंधन, पुलिस प्रशासन एवं सीसीएल क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने सीसीएल की मुख्य प्राथमिकता "ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास" के बारे में अवगत कराया और कहा कि स्थानीय प्रशासन एवं स्टेकहोर्ल्डस के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति करने के लिए सीसीएल प्रतिबद्ध है।

आईजी श्री नवीन कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को और मजबूत करने एवं आमजन हेतु सरल बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

## नवनियुक्त निदेशक का सीसीएल परिवार में स्वागत

सी.सी.एल. मुख्यालय में विगत 17 जनवरी को सी.सी.एल. परिवार की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन कर नये निदेशक (तकनीकी) श्री भोला सिंह को सम्मानित किया गया। श्री भोला सिंह ने 15 जनवरी को सीसीएल के निदेशक (तकनीकी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने निदेशक (तकनीकी) का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए कहा कि नये निदेशक का निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का कार्य करने का लंबा अनुभव है और उनकी कार्यकुशलता से सीसीएल परिवार को निश्चय ही लाभ होगा।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव एवं सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने श्री भोला सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

नवनियुक्त निदे. (तकनीकी) श्री भोला सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता उनके कर्मियों के सम्मिलित प्रयास एवं टीम भावना से होती है।



निदेशक (तकनीकी) श्री भोला सिंह का स्वागत करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

## सम्मान समारोह का आयोजन

जनवरी माह में पूरे सीसीएल से कुल 245 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें सम्मान समारोह आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। जनवरी माह में मुख्यालय से सेवानिवृत कर्मियों के नाम : सर्वश्री राम झुलन चौधरी, महाप्रबंधक (माईनिंग), विजय कुमार सिंह, वरीय प्रबंधक (सर्वे), दिलीप कर्मकार, सब इंजीनियर (ई एण्ड एम), कृति कुमार मोदक, लेखापाल ए1, बसंत कुमार नायक, लेखापाल ए1, ठाकुर प्रसाद महतो, वरीय निजी सहायक, ए1, ए.एन. मिश्रा, लेखापाल ए1, शंभु पाठक, वरीय निजी सहायक, ए1, सतीश कुमार, फोरमैन, आई/सी ए1, रजनी कान्त मंडल, वरीय बाईंडर, खेमलाल मुण्डा, ड्राइवर/मैकेनिक तथा केन्द्रीय अस्पताल गाँधीनगर से राम लखन यादव, वरीय प्रबंधक (ई एण्ड एम), श्रीमती चिन्ता कुमारी, मेट्रॉन ए1, मो. मोहीद्दिन खान, वरीय लैब टेकनिशियन ए1, श्रीमती सारा देवी, सफाई कर्मचारी, कैट IV

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)